# पुराने नियम की पुस्तकों का

## सूचीपत्र


| पुस्तको के नाम | अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| उत्पत्ति नामक पुस्तक | ५० | १ |
| निर्गमन नामक पुस्तक | ४० | ८१ |
| लैव्यव्यवस्था नामक पुस्तक | २७ | १४३ |
| गिनती नामक पुस्तक | ३६ | १८७ |
| व्यवस्थाविवरण नामक पुस्तक | ३४ | २४६ |
| यहोशू नामक पुस्तक | २४ | ३०६ |
| न्यायियो का वृत्तान्त | २१ | ३४२ |
| रूत नामक पुस्तक | ४ | ३८० |
| शमूएल की पहिली पुस्तक | ३१ | ३८६ |
| शमूएल की दूसरी पुस्तक | २४ | ४३८ |
| राजाओ का वृत्तान्त, पहिला भाग | २२ | ४८२ |
| राजाओ का वृत्तान्त, दूसरा भाग | २५ | ५३० |
| इतिहास, पहिला भाग | २९ | ५७७ |
| इतिहास, दूसरा भाग | ३६ | ६२१ |
| एज्रा नामक पुस्तक | १० | ६७५ |
| नहेम्याह नामक पुस्तक | १३ | ६९० |
| एस्तेर नामक पुस्तक | १० | ७१२ |
| अय्यूब नामक पुस्तक | ४२ | ७२४ |

| पुस्तको के नाम | अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| भजन सहिता | १५० | ७८३ |
| नीतिवचन | ३१ | ९२२ |
| सभोपदेशक | १२ | ९६९ |
| श्रेष्ठगीत | ८ | ९८१ |
| यशायाह नामक पुस्तक | ६६ | ९९० |
| यिर्मयाह नामक पुस्तक | ५२ | १०७० |
| विलापगीत | ५ | ११५८ |
| यहेजकेल नामक पुस्तक | ४८ | ११६८ |
| दानिय्येल नामक पुस्तक | १२ | १२४६ |
| होशे | १४ | १२७० |
| योएल | ३ | १२८२ |
| आमोस | ९ | १२८७ |
| ओबद्याह | १ | १२९६ |
| योना | ४ | १२९८ |
| मीका | ७ | १३०१ |
| नहूम | ३ | १३०८ |
| हबक्कूक | ३ | १३११ |
| सपन्याह | ३ | १३१५ |
| हाग्गै | २ | १३१८ |
| जकर्याह | १४ | १३२१ |
| मलाकी | ४ | १३३४ |


www.holybooks.com

ग्रौर वह भाग कर बच निकला। १३ तब
मीकल ने गृहदेवताग्रो को ले चारपाई
पर लिटाया, ग्रौर बकरियो के रोए की
तकिया उसके सिरहाने पर रखकर उन-
को वस्त्र ग्रोढा दिए। १४ जब शाऊल
ने दाऊद को पकड लाने के लिये दूत
भेजे, तब वह बोली, वह तो बीमार है।
१५ तब शाऊल ने दूतो को दाऊद के
देखने के लिये भेजा, ग्रौर कहा, उसे
चारपाई समेत मेरे पास लाग्रो कि मैं
उसे मार डालू। १६ जब दूत भीतर
गए, तब क्या देखते है कि चारपाई पर
गृहदेवता पडे है, ग्रौर सिरहाने पर बक-
रियो के रोए की तकिया है। १७ सो
शाऊल ने मीकल से कहा, तू ने मुझे
ऐसा धोखा क्यों दिया? तू ने मेरे शत्रु
को ऐसा क्यो जाने दिया कि वह बच
निकला है? मीकल ने शाऊल से कहा,
उस ने मुझ से कहा, कि मुझे जाने दे;
मैं तुझे क्यो मार डालू॥

१८ ग्रौर दाऊद भागकर बच निकला,
ग्रौर रामा में शमूएल के पास पहुचकर
जो कुछ शाऊल ने उस से किया था
सब उसे कह सुनाया। तब वह ग्रौर
शमूएल जाकर नबायोत * में रहने लगे।
१९ जब शाऊल को इसका समाचार
मिला कि दाऊद रामा मे के नबायोत *
मे है, २० तब शाऊल ने दाऊद के पकड
लाने के लिये दूत भेजे, ग्रौर जब शाऊल
के दूतों ने नबियों के दल को नबूवत
करते हुए, ग्रौर शमूएल को उनकी
प्रधानता करते हुए देखा, तब परमेश्वर
का ग्रात्मा उन पर चढ़ा, ग्रौर वे भी
नबूवत करने लगे। २१ इसका समाचार
पाकर शाऊल ने ग्रौर दूत भेजे, ग्रौर
वे भी नबूवत करने लगे। फिर शाऊल
ने तीसरी बार दूत भेजे, ग्रौर वे भी
नबूवत करने लगे। २२ तब वह ग्राप
ही रामा को चला, ग्रौर उस बड़े गड़हे
पर जो सेकू मे है पहुचकर पूछने लगा,
कि शमूएल ग्रौर दाऊद कहां है? किसी
ने कहा, वे तो रामा के नबायोत * में
है। २३ तब वह उधर, ग्रर्थात् रामा
के नबायोत * को चला; ग्रौर परमेश्वर
का ग्रात्मा उस पर भी चढा, ग्रौर वह
रामा के नबायोत * को पहुंचने तक नबूवत
करता हुग्रा चला गया। २४ ग्रौर उस
ने भी ग्रपने वस्त्र उतारे, ग्रौर शमूएल
के साम्हने नबूवत करने लगा, ग्रौर भूमि
पर गिरकर दिन ग्रौर रात नङ्गा पडा
रहा। इस कारण से यह कहावत चली,
कि क्या शाऊल भी नबियों मे से है?

(दाऊद का भागना ग्रौर शाऊल के डर
के मारे इधर उधर घूमना)

२० फिर दाऊद रामा के नबायोत *
से भागा, ग्रौर योनातन के पास
जाकर कहने लगा, मैं ने क्या किया है?
मुझ से क्या पाप हुग्रा? मैं ने तेरे पिता की
दृष्टि में ऐसा कौन सा ग्रपराध किया
है, कि वह मेरे प्राण की खोज में रहता
है? २ उस ने उस से कहा, ऐसी बात
नही है; तू मारा न जाएगा। सुन, मेरा
पिता मुझ को बिना जताए न तो कोई
बड़ा काम करता है ग्रौर न कोई छोटा;
फिर वह ऐसी बात को मुझ से क्यों
छिपाएगा? ऐसी कोई बात नही है।
३ फिर दाऊद ने शपथ खाकर कहा,
तेरा पिता निश्चय जानता है कि तेरे

* ग्रर्थात् कई वासस्थान।

* ग्रर्थात कई वासस्थान।



www.holybooks.com

ग्रौर पाच भेडियो का मास, ग्रौर पाच
सग्रा * भूना हुग्रा ग्रनाज, ग्रौर एक सौ
गुच्छे किशमिश, ग्रौर ग्रजीरो की दो सौ
टिकिया लेकर गदहो पर लदवाई।
१९ ग्रौर उस ने ग्रपने जवानो से कहा,
तुम मेरे ग्रागे ग्रागे चलो, मै तुम्हारे पीछे
पीछे ग्राती हू, परन्तु उस ने ग्रपने पति
नाबाल से कुछ न कहा। २० वह गदहे
पर चढी हुई पहाड की ग्राड मे उतरी
जाती थी, ग्रौर दाऊद ग्रपने जनो समेत
उसके साम्हने उतरा ग्राता था, ग्रौर
वह उनको मिली। २१ दाऊद ने तो
सोचा था, कि मै ने जो जगल मे उसके
सब माल की ऐसी रक्षा की कि उसका कुछ
भी न खोया, यह नि सन्देह व्यर्थ हुग्रा,
क्योकि उस ने भलाई के बदले मुझ से
बुराई ही की है। २२ यदि बिहान को
उजियाला होने तक उस जन के समस्त
लोगो मे से एक लडके को भी मै जीवित
छोडू, तो परमेश्वर मेरे सब शत्रुग्रो से
ऐसा ही, वरन इस से भी ग्रधिक करे।
२३ दाऊद को देख ग्रबीगैल फुर्ती करके
गदहे पर से उतर पडी, ग्रौर दाऊद के
सम्मुख मुह के बल भूमि पर गिरकर
दण्डवत् की। २४ फिर वह उसके पाव
पर गिरके कहने लगी, हे मेरे प्रभु, यह
ग्रपराध मेरे ही सिर पर हो, तेरी दासी
तुझ से कुछ कहना चाहती है, ग्रौर तू
ग्रपनी दासी की बातो को सुन ले।
२५ मेरा प्रभु उस दुष्ट नाबाल पर चित्त
न लगाए, क्योकि जैसा उसका नाम है
वैसा ही वह ग्राप है, उसका नाम तो
नाबाल † है, ग्रौर सचमुच उस मे मूढता
पाई जाती है, परन्तु मुझ तेरी दासी
ने ग्रपने प्रभु के जवानो को जिन्हे तू ने
भेजा था न देखा था। २६ ग्रौर ग्रब,
हे मेरे प्रभु, यहोवा के जीवन की शपथ
ग्रौर तेरे जीवन की शपथ, कि यहोवा
ने जो तुझे खून से ग्रौर ग्रपने हाथ के
द्वारा ग्रपना पलटा लेने से रोक रखा
है, इसलिये ग्रब तेरे शत्रु ग्रौर मेरे प्रभु की
हानि के चाहनेवाले नाबाल ही के समान
ठहरे। २७ ग्रौर ग्रब यह भेट जो तेरी
दासी ग्रपने प्रभु के पास लाई है, उन
जवानो को दी जाए जो मेरे प्रभु के साथ
चलते है। २८ ग्रपनी दासी का ग्रपराध
क्षमा कर, क्योकि यहोवा निश्चय मेरे
प्रभु का घर बसाएगा ग्रौर स्थिर करेगा,
इसलिये कि मेरा प्रभु यहोवा की ग्रोर
से लडता है, ग्रौर जन्म भर तुझ मे
कोई बुराई नही पाई जाएगी। २९ ग्रौर
यद्यपि एक मनुष्य तेरा पीछा करने ग्रौर
तेरे प्राण का ग्राहक होने को उठा है,
तौभी मेरे प्रभु का प्राण तेरे परमेश्वर
यहोवा की जीवनरूपी गठरी मे बन्धा
रहेगा, ग्रौर तेरे शत्रुग्रो के प्राणो को वह
मानो गोफन मे रखकर फेक देगा।
३० इसलिये जब यहोवा मेरे प्रभु के
लिये यह समस्त भलाई करेगा जो उस
ने तेरे विषय मे कही है, ग्रौर तुझे इस्राएल
पर प्रधान करके ठहराएगा, ३१ तब
तुझे इस कारण पछताना न होगा, वा
मेरे प्रभु का हृदय पीडित न * होगा कि
तू ने ग्रकारण खून किया, ग्रौर मेरे प्रभु
ने ग्रपना पलटा ग्राप लिया है। फिर जब
यहोवा मेरे प्रभु से भलाई करे तब ग्रपनी
दासी को स्मरण करना। ३२ दाऊद ने
ग्रबीगैल से कहा, इस्राएल का परमेश्वर

* यह विशेष नपुए का नाम है।
† ग्रर्थात् मूढ।

* मूल में—हृदय का ठोकर खाना।



www.holybooks.com

२४ हे इस्राएली स्त्रियो, शाऊल के
लिये रोम्रो,
वह नो तुम्हें लाल रंग के वस्त्र
बहिनाकर सुख देता,
ग्रौर तुम्हारे वस्त्रों के ऊपर सोने
के गहने पहिनाता था॥
२५ हाय, युद्ध के बीच शूरवीर कैसे
काम ग्राए!
हे योनातन, हे ऊंचे स्थानों पर
जूझे हुए,
२६ हे मेरे भाई योनातन, मै तेरे
कारण दु:खित हूं;
तू मुझे बहुत मनभाऊ जान
पड़ता था;
तेरा प्रेम मुझ पर ग्रद्भुत,
वरन स्त्रियों के प्रेम से भी बढ़कर
था॥
२७ हाय, शूरवीर क्योंकर गिर गए,
ग्रौर युद्ध के हथियार कैसे नाश
हो गए है!

(दाऊद के हेब्रोन में राज्य करने का वृत्तान्त)

२ इसके बाद दाऊद ने यहोवा से
पूछा, कि क्या मै यहूदा के किसी
नगर मे जाऊ? यहोवा ने उस से कहा,
हां, जा। दाऊद ने फिर पूछा, किस नगर
में जाऊ? उस ने कहा, हेब्रोन में। २ तब
दाऊद यिज्रेली ग्रहीनोग्रम, ग्रौर कर्मेली
नाबाल की स्त्री ग्रबीगैल नाम, ग्रपनी
दोनों पत्नियों समेत वहां गया। ३ ग्रौर
दाऊद ग्रपने साथियों को भी एक एक
के घराने समेत वहां ले गया; ग्रौर वे
हेब्रोन के गांवो मे रहने लगे। ४ ग्रौर
यहूदी लोग गए, ग्रौर वहां दाऊद का
ग्रभिषेक किया कि वह यहूदा के घराने
का राजा हो॥

५ ग्रौर दाऊद को यह समाचार मिला,
कि जिन्हों ने शाऊल को मिट्टी दी वे
गिलाद के याबेश नगर के लोग है। तब
दाऊद ने दूतों से गिलाद के याबेश के
लोगों के पास यह कहला भेजा, कि यहोवा
की ग्राशिष तुम पर हो, क्योंकि तुम ने
ग्रपने प्रभु शाऊल पर यह कृपा करके
उसको मिट्टी दी। ६ इसलिये ग्रब यहोवा
तुम से कृपा ग्रौर सच्चाई का बर्त्ताव करे;
ग्रौर मैं भी तुम्हारी इस भलाई का बदला
तुम को दूगा, क्योंकि तुम ने यह काम
किया है। ७ ग्रौर ग्रब हियाव बान्धो,
ग्रौर पुरुषार्थ करो, क्योकि तुम्हारा प्रभु
शाऊल मर गया, ग्रौर यहूदा के घराने
ने ग्रपने ऊपर राजा होने को मेरा ग्रभिषेक
किया है॥

८ परन्तु नेर का पुत्र ग्रब्नेर जो शाऊल
का प्रधान सेनापति था, उस ने शाऊल
के पुत्र ईशबोशेत को सग ले पार जाकर
महनैम मे पहुचाया, ९ ग्रौर उसे गिलाद
ग्रशूरियों के देश यिज्रेल, एप्रैम, बिन्यामीन,
वरन समस्त इस्राएल के देश पर राजा
नियुक्त किया। १० शाऊल का पुत्र
ईशबोशेत चालीस वर्ष का था जब वह
इस्राएल पर राज्य करने लगा, ग्रौर दो
वर्ष तक राज्य करता रहा। परन्तु यहूदा
का घराना दाऊद के पक्ष मे रहा।
११ ग्रौर दाऊद के हेब्रोन में यहूदा के
घराने पर राज्य करने का समय साढ़े
सात वर्ष था॥

१२ ग्रौर नेर का पुत्र ग्रब्नेर, ग्रौर
शाऊल के पुत्र ईशबोशेत के जन, महनैम
से गिबोन को ग्राए। १३ तब सरूयाह
का पुत्र योग्राब, ग्रौर दाऊद के जन,
हेब्रोन से निकलकर उन से गिबोन के
पोखरे के पास मिले; ग्रौर दोनों दल



www.holybooks.com

उस पोखरे की एक एक ग्रोर बैठ गए।
१४ तब ग्रब्नेर ने योग्राब से कहा, जवान
लोग उठकर हमारे साम्हने खेले। योग्राब
ने कहा, वे उठे। १५ तब वे उठे, ग्रौर
बिन्यामीन, ग्रर्थात् शाऊल के पुत्र ईशबोशेत
के पक्ष के लिये बारह जन गिनकर निकले,
ग्रौर दाऊद के जनो में से भी बारह निकले।
१६ ग्रौर उन्हों ने एक दूसरे का सिर
पकडकर ग्रपनी ग्रपनी तलवार एक दूसरे
के पांजर मे भोंक दी, ग्रौर वे एक ही
सग मरे। इस से उस स्थान का नाम
हेल्कथस्सूरीम * पड़ा, वह गिबोन मे है।
१७ ग्रौर उस दिन बडा घोर युद्ध हुग्रा,
ग्रौर ग्रब्नेर ग्रौर इस्राएल के पुरुष दाऊद
के जनों से हार गए। १८ वहां तो
योग्राब, ग्रबीशै, ग्रौर ग्रसाहेल नाम
सरूयाह के तीनो पुत्र थे। ग्रौर ग्रसाहेल
बनैले चिकारे के समान वेग दौडनेवाला
था। १९ तब ग्रसाहेल ग्रब्नेर का पीछा
करने लगा, ग्रौर उसका पीछा करते हुए
न तो दाहिनी ग्रोर मुडा न बाईं ग्रोर।
२० ग्रब्नेर ने पीछे फिरके पूछा, क्या तू
ग्रसाहेल है? उस ने कहा, हा मै वही
हूं। २१ ग्रब्नेर ने उस से कहा, चाहे
दाहिनी, चाहे बाईं ग्रोर मुड़, किसी जवान
को पकड़कर उसका बकतर ले ले। परन्तु
ग्रसाहेल ने उसका पीछा न छोडा।
२२ ग्रब्नेर ने ग्रसाहेल से फिर कहा,
मेरा पीछा छोड़ दे, मुझ को क्यों तुझे
मारके मिट्टी मे मिला देना पड़े? ऐसा
करके मै तेरे भाई योग्राब को ग्रपना
मुख कैसे दिखाऊगा? २३ तौभी उस ने
हट जाने को नकारा, तब ग्रब्नेर ने
ग्रपने भाले की पिछाडी उसके पेट मे
ऐसे मारी, कि भाला ग्रारपार होकर
पीछे निकला; ग्रौर वह वही गिरके मर
गया। ग्रौर जितने लोग उस स्थान पर
ग्राए जहां ग्रसाहेल गिरके मर गया,
वहा वे सब खडे रहे। २४ परन्तु योग्राब
ग्रौर ग्रबीशै ग्रब्नेर का पीछा करते रहे;
ग्रौर सूर्य डूबते डूबते वे ग्रम्मा नाम
उस पहाडी तक पहुचे, जो गिबोन के
जगल के मार्ग मे गीह के साम्हने है।
२५ ग्रौर बिन्यामीनी ग्रब्नेर के पीछे
होकर एक दल हो गए, ग्रौर एक पहाड़ी
की चोटी पर खडे हुए। २६ तब ग्रब्नेर
योग्राब को पुकारके कहने लगा, क्या
तलवार सदा मारती रहे? क्या तू नही
जानता कि इसका फल दुःखदाई * होगा?
तू कब तक ग्रपने लोगो को ग्राज्ञा न
देगा, कि ग्रपने भाइयों का पीछा छोडकर
लौटो? २७ योग्राब ने कहा, परमेश्वर
के जीवन की शपथ, कि यदि तू न बोला
होता, तो निःसन्देह लोग सवेरे ही चले
जाते, ग्रौर ग्रपने ग्रपने भाई का पीछा
न करते। २८ तब योग्राब ने नरसिगा
फूका, ग्रौर सब लोग ठहर गए, ग्रौर
फिर इस्राएलियो का पीछा न किया, ग्रौर
लडाई फिर न की। २९ ग्रौर ग्रब्नेर
ग्रपने जनो समेत उसी दिन रातोरात
ग्ररावा से होकर गया; ग्रौर यरदन के
पार हो समस्त बित्रोन देश मे होकर
महनैम मे पहुचा। ३० ग्रौर योग्राब
ग्रब्नेर का पीछा छोडकर लौटा; ग्रौर जब
उस ने सब लोगो को इकट्ठा किया, तब
क्या देखा, कि दाऊद के जनो में से उन्नीस
पुरुष ग्रौर ग्रसाहेल भी नही है। ३१ परन्तु
दाऊद के जनो ने बिन्यामीनियो ग्रौर ग्रब्नेर

* ग्रर्थात्, छुरियों का खेत।

* मूल में—कडुवाहट।



www.holybooks.com

ग्राठवें महीने के पन्द्रहवें दिन को वह
बेतेल में ग्रपनी बनाई हुई वेदी के पास
चढ गया। उस ने इस्राएलियों के लिये
एक पर्व्व ठहरा दिया, ग्रौर धूप जलाने
को वेदी के पास चढ गया ।।

१३ तब यहोवा से वचन पाकर
परमेश्वर का एक जन यहूदा मे
बेतेल को ग्राया, ग्रौर यारोबाम धूप
जलाने के लिये वेदी के पास खडा था।
२ उस जन ने यहोवा से वचन पाकर
वेदी के विरुद्ध यो पुकारा, कि वेदी,
हे वेदी ! यहोवा यो कहता है, कि सुन,
दाऊद के कुल मे योशिय्याह नाम एक
लड़का उत्पन्न होगा, वह उन ऊंचे स्थानो
के याजकों को जो तुझ पर धूप जलाते
है, तुझ पर बलि कर देगा, ग्रौर तुझ
पर मनुष्यों की हड्डियां जलाई जाएगी।
३ ग्रौर उस ने, उसी दिन यह कहकर
उस बात का एक चिह्न भी बताया, कि
यह वचन जो यहोवा ने कहा है, इसका
चिह्न यह है कि यह वेदी फट जाएगी,
ग्रौर इस पर की राख गिर जाएगी।
४ तब ऐसा हुग्रा कि परमेश्वर के जन का
यह वचन सुनकर जो उस ने बेतेल के
विरुद्ध पुकार कर कहा, यारोबाम ने वेदी
के पास से हाथ बढ़ाकर कहा, उसको
पकड लो · तब उसका हाथ जो उसकी
ग्रोर बढ़ाया गया था, सूख गया ग्रौर
वह उसे ग्रपनी ग्रोर खीच न सका।
५ ग्रौर वेदी फट गई, ग्रौर उस पर
की राख गिर गई; सो वह चिह्न पूरा
हुग्रा, जो परमेश्वर के जन ने यहोवा से
वचन पाकर कहा था। ६ तब राजा
ने परमेश्वर के जन से कहा, ग्रपने परमेश्वर
यहोवा को मना ग्रौर मेरे लिये प्रार्थना कर,
कि मेरा हाथ ज्यों का त्यों हो जाए:
तब परमेश्वर के जन ने यहोवा को मनाया
ग्रौर राजा का हाथ फिर ज्यो का त्यो
हो गया। ७ तब राजा ने परमेश्वर के
जन मे कहा, मेरे सग घर चलकर ग्रपना
प्राण ठडा कर, ग्रौर मं तुझे दान भी
दूगा। ८ परमेश्वर के जन ने राजा
से कहा, चाहे तू मुझे ग्रपना ग्राधा घर
भी दे, तौभी तेरे घर न चलूगा; ग्रौर
इस स्थान मे मै न तो रोटी खाऊंगा
ग्रौर न पानी पीऊगा। ९ क्योकि यहोवा
के वचन के द्वारा मुझे यो ग्राज्ञा मिली
है, कि न तो रोटी खाना, ग्रौर न पानी
पीना, ग्रौर न उस मार्ग से लौटना जिस से
तू जाएगा। १० इसलिये वह उस मार्ग
से जिसे बेतेल को गया था न लौटकर,
दूसरे मार्ग से चला गया ।।
११ बेतेल मे एक बूढा नबी रहता
था, ग्रौर उसके एक बेटे ने ग्राकर उस
से उन सब कामो का वर्णन किया जो
परमेश्वर के जन ने उस दिन बेतेल मे
किए थे, ग्रौर जो बाते उस ने राजा से कही
थी, उनको भी उस ने ग्रपने पिता से
कह सुनाया। १२ उसके बेटो ने तो
यह देखा था, कि परमेश्वर का वह जन
जो यहूदा से ग्राया था, किस मार्ग से
चला गया, सो उनके पिता ने उन से
पूछा, वह किस मार्ग मे चला गया ?
१३ ग्रौर उस ने ग्रपने बेटों से कहा,
मेरे लिये गदहे पर काठी बान्धो; तब
उन्हों ने गदहे पर काठी बान्धी, ग्रौर
वह उस पर चढा, १४ ग्रौर परमेश्वर
के जन के पीछे जाकर उसे एक बांजवृक्ष
के तले बैठा हुग्रा पाया; ग्रौर उस से
पूछा, परमेश्वर का जो जन यहूदा से
ग्राया था, क्या तू वही है ? १५ उस



www.holybooks.com

याजिय्याह से बिनो ग्रौर शोहम, जक्कू
ग्रौर इब्री थे। २८ महली से, एलीग्राजर
जिसके कोई पुत्र न था। २९ कीश से
कीश के वंश में यरह्मेल। ३० ग्रौर
मूशी के पुत्र, महली, एदेर ग्रौर यरीमोत।
ग्रपने ग्रपने पितरों के घरानों के ग्रनुसार
ये ही लेवीय सन्तान के थे। ३१ इन्हों ने
भी ग्रपने भाई हारून की सन्तानों की
नाईं दाऊद राजा ग्रौर सादोक ग्रौर
ग्रहीमेलेक ग्रौर याजकों ग्रौर लेवियों के
पितरों के घरानों के मुख्य पुरुषों के
साम्हने चिट्ठियां डालीं, ग्रर्थात् मुख्य
पुरुष के पितरों का घराना उसके छोटे
भाई के पितरों के घराने के बराबर ठहरा॥

**२५** फिर दाऊद ग्रौर सेनापतियों
ने ग्रासाप, हेमान ग्रौर यदूतून के
कितने पुत्रों को सेवकाई के लिये ग्रलग
किया कि वे वीणा, सारंगी ग्रौर झांझ
बजा बजाकर नबूवत करें। ग्रौर इस
सेवकाई के काम करनेवाले मनुष्यों की
गिनती यह थी: २ ग्रर्थात् ग्रासाप के
पुत्रों में से तो जक्कूर, योसेप, नतन्याह
ग्रौर ग्रशरेला, ग्रासाप के ये पुत्र ग्रासाप
ही की ग्राज्ञा में थे, जो राजा की ग्राज्ञा
के ग्रनुसार नबूवत करता था। ३ फिर
यदूतून के पुत्रों में से गदल्याह, सरी यशायाह,
हसब्याह, मत्तित्याह, ये ही छः ग्रपने
पिता यदूतून की ग्राज्ञा में होकर जो
यहोवा का धन्यवाद ग्रौर स्तुति कर
करके नबूवत करता था, वीणा बजाते
थे। ४ ग्रौर हेमान के पुत्रों में से,
मुक्किय्याह, मत्तन्याह, उज्जीएल, शबूएल,
यरीमोत, हनन्याह, हनानी, एलीग्राता,
गिद्दलती, रोममतीएजेर, योशबकाशा,
मल्लोती, होतीर ग्रौर महजीग्रोत।
५ परमेश्वर की प्रतिज्ञानुकूल जो उसका
नाम बढ़ाने की थी, ये सब हेमान के पुत्र थे
जो राजा का दर्शी था; क्योंकि परमेश्वर
ने हेमान को चौदह बेटे ग्रौर तीन
बेटियां दी थीं। ६ ये सब यहोवा के
भवन में गाने के लिये ग्रपने ग्रपने पिता
के ग्रधीन रहकर, परमेश्वर के भवन,
की सेवकाई में झांझ, सारंगी ग्रौर वीणा
बजाते थे। ग्रौर ग्रासाप, यदूतून ग्रौर
हेमान राजा के ग्रधीन रहते थे। ७ इन
सभों की गिनती भाइयों समेत जो यहोवा
के गीत सीखे हुए ग्रौर सब प्रकार से
निपुण थे, दो सौ ग्रठासी थी। ८ ग्रौर
उन्हों ने क्या बड़ा, क्या छोटा, क्या
गुरू, क्या चेला, ग्रपनी ग्रपनी बारी के
लिये चिट्ठी डाली। ९ ग्रौर पहिली चिट्ठी
ग्रासाप के बेटों में से योसेप के नाम पर
निकली, दूसरी गदल्याह के नाम पर
निकली जिसके पुत्र ग्रौर भाई उस समेत
बारह थे। १० तीसरी जक्कूर के नाम
पर निकली जिसके पुत्र ग्रौर भाई उस
समेत बारह थे। ११ चौथी यिस्री के
नाम पर निकली जिसके पुत्र ग्रौर भाई
उस समेत बारह थे। १२ पांचवीं नतन्याह
के नाम पर निकली जिसके पुत्र ग्रौर
भाई उस समेत बारह थे। १३ छठी
बुक्किय्याह के नाम पर निकली जिसके
पुत्र ग्रौर भाई उस समेत बारह थे।
१४ सातवीं यसरेला के नाम पर निकली
जिसके पुत्र ग्रौर भाई उस समेत बारह
थे। १५ ग्राठवीं यशायाह के नाम पर
निकली जिसके पुत्र ग्रौर भाई उस समेत
बारह थे। १६ नौवीं मत्तन्याह के नाम
पर निकली, जिसके पुत्र ग्रौर भाई समेत
बारह थे। १७ दसवीं शिमी के नाम
पर निकली जिसके पुत्र ग्रौर भाई उस



www.holybooks.com

पत्नी ग्रहाब की बेटी थी। ग्रौर वह
उस काम को करता था, जो यहोवा की
दृष्टि में बुरा है। ७ तौभी यहोवा ने
दाऊद के घराने को नाश करना न चाहा,
यह उस वाचा के कारण था, जो उसने
दाऊद से बान्धी थी। ग्रौर उस वचन
के ग्रनुसार था, जो उस ने उसको दिया
था, कि मैं ऐसा करूंगा कि तेरा ग्रौर
तेरे वंश का दीपक कभी न बुझेगा ।।
८ उसके दिनों मे एदोम ने यहूदा की
ग्रधीनता छोडकर ग्रपने ऊपर एक राजा
बना लिया। ६ सो यहोराम ग्रपने
हाकिमों ग्रौर ग्रपने सब रथो को साथ
लेकर उधर गया, ग्रौर रथो के प्रधानो
को मारा। १० यो एदोम यहूदा के वश
से छूट गया ग्रौर ग्राज तक वैसा ही
है। उसी समय लिब्ना ने भी उसकी
ग्रधीनता छोड दी, यह इस कारण हुग्रा,
कि उस ने ग्रपने पितरों के परमेश्वर
यहोवा को त्याग दिया था ।।
११ ग्रौर उस ने यहूदा के पहाडो
पर ऊचे स्थान बनाए ग्रौर यरूशलेम के
निवासियों से व्यभिचार कराया, ग्रौर
यहूदा को बहका दिया। १२ तब
एलिय्याह नबी का एक पत्र उसके पास
ग्राया, कि तेरे मूलपुरुष दाऊद का परमेश्वर
यहोवा यों कहता है, कि तू जो न तो
ग्रपने पिता यहोशापात की लीक पर चला
है ग्रौर न यहूदा के राजा ग्रासा की
लीक पर, १३ वरन इस्राएल के राजाग्रो
की लीक पर चला है, ग्रौर ग्रहाब के
घराने की नाईं यहूदियों ग्रौर यरूशलेम
के निवासियों से व्यभिचार कराया है
ग्रौर ग्रपने पिता के घराने मे से
ग्रपने भाइयों को जो तुझ से ग्रच्छे थे,
घात किया है, १४ इस कारण यहोवा
तेरी प्रजा, पुत्रों, स्त्रियों ग्रौर सारी सम्पत्ति
को बडी मार से मारेगा। १५ ग्रौर तू
ग्रतडियो के रोग से बहुत पीडित हो
जाएगा, यहा तक कि उस रोग के कारण
तेरी ग्रतडिया प्रतिदिन निकलती जाएगी ।।
१६ ग्रौर यहोवा ने पलिश्तियो को,
ग्रौर कूशियों के पास रहनेवाले ग्ररबियों
को, यहोराम के विरुद्ध उभारा। १७ ग्रौर
वे यहूदा पर चढाई करके उस पर टूट
पडे, ग्रौर राजभवन मे जितनी सम्पत्ति
मिली, उस सब को ग्रौर राजा के पुत्रों
ग्रौर स्त्रियो को भी ले गए, यहा तक कि
उसके लहुरे बेटे यहोग्राहाज को छोड,
उसके पास कोई भी पुत्र न रहा ।।
१८ इन सब के बाद यहोवा ने उसे
ग्रतडियो के ग्रसाध्यरोग से पीडित कर
दिया। १६ ग्रौर कुछ समय के बाद
ग्रर्थात् दो वर्ष के ग्रन्त मे उस रोग के
कारण उसकी ग्रतड़िया निकल पडीं, ग्रौर
वह ग्रत्यन्त पीडित होकर मर गया।
ग्रौर उसकी प्रजा ने जैसे उसके पुरखाग्रों
के लिये सुगन्धद्रव्य जलाया था, वैसा उसके
लिये कुछ न जलाया। २० वह जब राज्य
करने लगा, तब बत्तीस वर्ष का था, ग्रौर
यरूशलेम मे ग्राठ वर्ष तक राज्य करता
रहा, ग्रौर सब को ग्रप्रिय होकर जाता
रहा। ग्रौर उसको दाऊदपुर मे मिट्टी
दी गई, परन्तु राजाग्रो के कब्रिस्तान
मे नही ।।

(यहूदा में ग्रहज्याह का राज्य)

२२ तब यरूशलेम के निवासियों
ने उसके लहुरे पुत्र ग्रहज्याह को
उसके स्थान पर राजा बनाया, क्योंकि
जो दल ग्ररबियो के सग छावनी में
ग्राया था, उस ने उसके सब बडे बेटों



www.holybooks.com

से भर दिया है। १२ इसलिये ग्रब तू न तो ग्रपनी बेटिया उनके बेटो को ब्याह देना ग्रौर न उनकी बेटियों से ग्रपने बेटों का ब्याह करना, ग्रौर न कभी उनका कुशल क्षेम चाहना, इसलिये कि तुम बलवान बनो ग्रौर उस देश के ग्रच्छे ग्रच्छे पदार्थ खाने पाग्रो, ग्रौर उसे ऐसा छोड जाग्रो, कि वह तुम्हारे वंश के ग्रधिकार मे सदैव बना रहे। १३ ग्रौर उस सब के बाद जो हमारे बुरे कामो ग्रौर बडे दोष के कारण हम पर बीता है, जब कि हे हमारे परमेश्वर तू ने हमारे ग्रधर्म के बराबर हमे दण्ड नही दिया, वरन हम में से कितनों को बचा रखा है, १४ तो क्या हम तेरी ग्राज्ञाग्रों को फिर मे उल्लंघन करके इन घिनौने काम करनेवाले लोगो से समधियाना का सम्बन्ध करे? क्या तू हम पर यहां तक कोप न करेगा जिस से हम मिट जाए ग्रौर न तो कोई बचे ग्रौर न कोई रह जाए? १५ हे इस्राएल के परमेश्वर यहोवा! तू तो धर्मी है, हम बचकर मुक्त हुए है जैसे कि ग्राज वर्तमान है। देख, हम तेरे साम्हने दोषी है, इस कारण कोई तेरे साम्हने खड़ा नही रह सकता ॥

(यहूदियों का अन्यजाति स्त्रियों को दूर करना)

१० जब एज्रा परमेश्वर के भवन के साम्हने पडा, रोता हुग्रा प्रार्थना ग्रौर पाप का ग्रंगीकार कर रहा था, तब इस्राएल मे से पुरुषों, स्त्रियों ग्रौर लडकेबालों की एक बहुत बडी मण्डली उसके पास इकट्ठी हुई; ग्रौर लोग बिलक बिलक कर रो रहे थे। २ तब यहीएल का पुत्र शकन्याह जो एलाम के वंश मे का था, एज्रा से कहने लगा, हम लोगों ने इस देश के लोगों मे से ग्रन्यजाति स्त्रिया ब्याह कर ग्रपने परमेश्वर का विश्वासघात तो किया है, परन्तु इस दशा मे भी इस्राएल के लिये ग्राशा है। ३ ग्रब हम ग्रपने परमेश्वर से यह वाचा बान्धे, कि हम ग्रपने प्रभु की सम्मति ग्रौर ग्रपने परमेश्वर की ग्राज्ञा सुनकर थरथरानेवालों की सम्मति के ग्रनुसार ऐसी सब स्त्रियों को ग्रौर उनके लडकेबालो को दूर करे, ग्रौर व्यवस्था के ग्रनुसार काम किया जाए। ४ तू उठ, क्योंकि यह काम तेरा ही है, ग्रौर हम तेरे साथ है; इसलिये हियाव बान्धकर इस काम मे लग जा। ५ तब एज्रा उठा, ग्रौर याजको, लेवियों ग्रौर सब इस्राएलियों के प्रधानों को यह शपथ खिलाई कि हम इसी वचन के ग्रनुसार करेगे; ग्रौर उन्हों ने वैसी ही शपथ खाई ॥

६ तब एज्रा परमेश्वर के भवन के साम्हने से उठा, ग्रौर एल्याशीब के पुत्र योहानान की कोठरी मे गया, ग्रौर वहां पहुचकर न तो रोटी खाई, न पानी पिया, क्योंकि वह बन्धुग्राई मे से निकल ग्राए हुग्रों के विश्वासघात के कारण शोक करता रहा। ७ तब उन्हों ने यहूदा ग्रौर यरूशलेम मे रहनेवाले बन्धुग्राई में से ग्राए हुए सब लोगो में यह प्रचार कराया, कि तुम यरूशलेम में इकट्ठे हो; ८ ग्रौर जो कोई हाकिमों ग्रौर पुरनियों की सम्मति न मानेगा ग्रौर तीन दिन के भीतर न ग्राए तो उसकी समस्त धन-सम्पत्ति नष्ट की जाएगी ग्रौर वह ग्राप बन्धुग्राई से ग्राए हुग्रों की सभा से ग्रलग किया जाएगा ॥



www.holybooks.com

४५ हे मेरी प्रजा, उस में से निकल
ग्राग्रो! ग्रपने ग्रपने प्राण को यहोवा
के भड़के हुए कोप से बचाग्रो! ४६ जब
उड़ती हुई बात उस देश मे सुनी जाए,
तब तुम्हारा मन न घबराए; ग्रौर जो
उड़ती हुई चर्चा पृथ्वी पर सुनी जाएगी
तुम उस से न डरना: उसके एक वर्ष
बाद एक ग्रौर बात उड़ती हुई ग्राएगी,
तब उसके बाद दूसरे वर्ष में एक ग्रौर बात
उड़ती हुई ग्राएगी, ग्रौर उस देश मे उपद्रव
होगा, ग्रौर एक हाकिम दूसरे के विरुद्ध
होगा ।।

४७ इसलिये देख, वे दिन ग्राते है
जब मैं बाबुल की खुदी हुई मूरतों पर
दण्ड की ग्राज्ञा करूंगा; उस सारे देश
के लोगो का मुह काला हो जाएगा,
ग्रौर उसके सब मारे हुए लोग उसी मे
पडे रहेंगे। ४८ तब स्वर्ग ग्रौर पृथ्वी
के सारे निवासी बाबुल पर जयजयकार
करेंगे; क्योंकि उत्तर दिशा से नाश
करनेवाले उस पर चढ़ाई करेंगे, यहोवा
की यही वाणी है। ४९ जैसे बाबुल ने
इस्राएल के लोगों को मारा, वैसे ही सारे
देश के लोग उसी मे मार डाले जाएगे ।।

५० हे तलवार से बचे हुग्रो, भागो, खड़े
मत रहो! यहोवा को दूर से स्मरण करो,
ग्रौर यरूशलेम की भी सुधि लो · ५१ हम
व्याकुल हैं, क्योंकि हम ने ग्रपनी नामधराई
सुनी है; यहोवा के पवित्र भवन मे विधर्मी
घुस ग्राए हैं, इस कारण हम लज्जित हैं ।।

५२ सो देखो, यहोवा की यह वाणी है,
ऐसे दिन ग्रानेवाले हैं कि मैं उसकी खुदी
हुई मूरतों पर दण्ड भेजूगा, ग्रौर उसके
सारे देश में लोग घायल होकर कराहते
रहेंगे। ५३ चाहे बाबुल ऐसा ऊंचा बन
जाए कि ग्राकाश से बातें करे ग्रौर उसके
ऊंचे गढ़ ग्रौर भी दृढ़ किए जाएं, तौभी
मैं उसे नाश करने के लिये, लोगों को
भेजूगा, यहोवा की यह वाणी है ।।

५४ बाबुल से चिल्लाहट का शब्द
सुनाई पडता है! कसदियों के देश से
सत्यानाश का बड़ा कोलाहल सुनाई देता
है। ५५ क्योंकि यहोवा बाबुल को नाश
कर रहा है ग्रौर उसके बड़े कोलाहल को
बन्द कर रहा है। इस से उनका कोलाहल
महासागर का सा सुनाई देता है।
५६ बाबुल पर भी नाश करनेवाले चढ़
ग्राए हैं, ग्रौर उसके शूरवीर पकडे गए
हैं ग्रौर उनके धनुष तोड डाले गए;
क्योंकि यहोवा बदला देनेवाला परमेश्वर
है, वह ग्रवश्य ही बदला लेगा। ५७ मैं
उसके हाकिमो, पण्डितो, ग्रधिपतियो,
रईसों, ग्रौर शूरवीरो को ऐसा मतवाला
करूगा कि वे सदा की नींद मे पडेंगे ग्रौर
फिर न जागेंगे, सेनाग्रों के यहोवा, जिसका
नाम राजाधिराज है, उसकी यही वाणी
है ।।

५८ सेनाग्रो का यहोवा यों भी कहता
है, बाबुल की चौडी शहरपनाह नेव
से ढाई जाएगी, ग्रौर उसके ऊंचे फाटक
ग्राग लगाकर जलाए जाएंगे। ग्रौर उस
मे राज्य राज्य के लोगों का परिश्रम व्यर्थ
ठहरेगा, ग्रौर जातियों का परिश्रम ग्राग
का कौर हो जाएगा ग्रौर वे थक जाएंगे ।।

५९ यहूदा के राजा सिदकिय्याह के
राज्य के चौथे वर्ष में जब उसके साथ
सरायाह भी बाबुल को गया था, जो
नेरिय्याह का पुत्र ग्रौर महसेयाह का पोता
ग्रौर राजभवन का ग्रधिकारी भी था,
६० तब यिर्मयाह भविष्यद्वक्ता ने उसको
ये बातें बताईं ग्रर्थात् वे सब बाते जो
बाबुल पर पड़नेवाली विपत्ति के विषय



www.holybooks.com

ग्रौर मेरे नियमो के ग्रनुसार न्याय करे।
मेरे सब नियत पर्वों के विषय भी वे मेरी
व्यवस्था ग्रौर विधियां पालन करे, ग्रौर
मेरे विश्रामदिनों को पवित्र माने। २५ वे
किसी मनुष्य की लोथ के पास न जाएं
कि ग्रशुद्ध हो जाए; केवल माता-पिता,
बेटे-बेटी; भाई, ग्रौर ऐसी बहिन की
लोथ के कारण जिसका विवाह न हुग्रा
हो वे ग्रपने को ग्रशुद्ध कर सकते है।
२६ ग्रौर जब वे ग्रशुद्ध हो जाए, तब
उनके लिये सात दिन गिने जाए ग्रौर
तब वे शुद्ध ठहरे, २७ ग्रौर जिस दिन वे
पवित्रस्थान ग्रर्थात् भीतरी ग्रागन मे
सेवा टहल करने को फिर प्रवेश करें,
उस दिन ग्रपने लिये पापबलि चढाएं,
परमेश्वर यहोवा की यही वाणी है।।

२८ ग्रौर उनका एक ही निज भाग
होगा, ग्रर्थात् उनका भाग मै ही हू;
तुम उन्हे इस्राएल के बीच कुछ ऐसी
भूमि न देना जो उनकी निज हो; उनकी
निज भूमि मै ही हूं। २९ वे ग्रन्नबलि,
पापबलि ग्रौर दोषबलि खाया करें, ग्रौर
इस्राएल मे जो वस्तु ग्रर्पण की जाए,
वह उनको मिला करे। ३० ग्रौर सब
प्रकार की सब से पहिली उपज ग्रौर सब
प्रकार की उठाई हुई वस्तु जो तुम उठाकर
चढाग्रो, याजकों को मिला करे; ग्रौर
नये ग्रन्न का पहिला गूधा हुग्रा ग्राटा भी
याजक को दिया करना, जिस से तुम लोगों
के घर मे ग्राशीष हो। ३१ जो कुछ ग्रपने
ग्राप मरे वा फाडा गया हो, चाहे पक्षी हो
या पशु उसका मांस याजक न खाए।।

४५ जब तुम चिट्ठी डालकर देश
को बाटो, तब देश मे से एक
भाग पवित्र जानकर यहोवा को ग्रर्पण
करना, उसकी लम्बाई पच्चीस हजार
बास की ग्रौर चौडाई दस हजार बांस की
हो; वह भाग ग्रपने चारों ग्रोर के सिवाने
तक पवित्र ठहरे। २ उस में से पवित्र-
स्थान के लिये पांच सौ बांस लम्बी ग्रौर
पांच सौ बांस चौडी चौकोनी भूमि हो,
ग्रौर उसकी चारों ग्रोर पचास पचास
हाथ चौड़ी भूमि छूटी पडी रहे। ३ उस
पवित्र भाग में तुम पच्चीस हजार बांस
लम्बी ग्रौर दस हजार बांस चौडी भूमि
को मापना, ग्रौर उसी में पवित्रस्थान
बनाना, जो परमपवित्र ठहरे। ४ जो
याजक पवित्रस्थान की सेवा टहल करे
ग्रौर यहोवा की सेवा टहल करने को
समीप ग्राएं, वह उन्ही के लिये हो;
वहा उनके घरों के लिये स्थान हो ग्रौर
पवित्रस्थान के लिये पवित्र ठहरे। ५ फिर
पच्चीस हजार बास लम्बा, ग्रौर दस
हजार बास चौड़ा एक भाग, भवन की
सेवा टहल करनेवाले लेवियों की बीस
कोठरियों के लिये हो।।

६ फिर नगर के लिये, ग्रर्पण किए
हुए पवित्र भाग के पास, तुम पांच हजार
बांस चौडी ग्रौर पच्चीस हजार बांस
लम्बी, विशेष भूमि ठहराना; वह इस्राएल
के सारे घराने के लिये हो।।

७ ग्रौर प्रधान का निज भाग पवित्र
ग्रर्पण किए हुए भाग ग्रौर नगर की
विशेष भूमि की दोनों ग्रोर ग्रर्थात् दोनों
की पश्चिम ग्रौर पूर्व दिशाग्रों में दोनों
भागों के साम्हने हों; ग्रौर उसकी लम्बाई
पश्चिम से लेकर पूर्व तक उन दो भागों
मे से किसी भी एक के तुल्य हो।
८ इस्राएल के देश में प्रधान की यही
निज भूमि हो। ग्रौर मेरे ठहराए हुए
प्रधान मेरी प्रजा पर फिर ग्रन्धेर न करें;



www.holybooks.com

गया। १० समय पर उस ने किसानों के
पास एक दास को भेजा, कि वे दाख की
बारी के कुछ फलों का भाग उसे दें, पर
किसानो ने उसे पीटकर छूछे हाथ लौटा
दिया। ११ फिर उस ने एक और दास को
भेजा, और उन्हो ने उसे भी पीटकर और
उसका अपमान करके छूछे हाथ लौटा
दिया। १२ फिर उस ने तीसरा भेजा,
और उन्हों ने उसे भी घायल करके निकाल
दिया। १३ तब दाख की बारी के स्वामी
ने कहा, मैं क्या करूं? मैं अपने प्रिय पुत्र को
भेजूंगा क्या जाने वे उसका आदर करें।
१४ जब किसानों ने उसे देखा तो आपस में
विचार करने लगे, कि यह तो वारिस है;
आओ, हम उसे मार डालें, कि मीरास
हमारी हो जाए। १५ और उन्हो ने उसे
दाख की बारी से बाहर निकालकर मार
डाला: इसलिये दाख की बारी का स्वामी
उन के साथ क्या करेगा? १६ वह आकर
उन किसानों को नाश करेगा, और दाख की
बारी औरों को सौंपेगा: यह सुनकर उन्हो
ने कहा, परमेश्वर ऐसा न करे। १७ उस ने
उन की ओर देखकर कहा; फिर यह क्या,
लिखा है, कि जिस पत्थर को राजमिस्त्रियों
ने निकम्मा ठहराया था, वही कोने का सिरा
हो गया। १८ जो कोई उस पत्थर पर
गिरेगा वह चकनाचूर हो जाएगा, और जिस
पर वह गिरेगा, उस को पीस डालेगा॥

१९ उसी घड़ी शास्त्रियों और महा-
याजकों ने उसे पकड़ना चाहा, क्योंकि समझ
गए, कि उस ने हम पर यह दृष्टान्त कहा,
परन्तु वे लोगों से डरे। २० और वे उस
की ताक में लगे और भेदिए भेजे, कि धर्म
का भेष धरकर उस की कोई न कोई बात
पकड़ें, कि उसे हाकिम के हाथ और अधिकार
में सौंप दें। २१ उन्हों ने उस से यह पूछा,
कि हे गुरु, हम जानते हैं कि तू ठीक कहता,
और सिखाता भी है, और किसी का पक्षपात
नहीं करता; बरन परमेश्वर का मार्ग
सच्चाई से बताता है। २२ क्या हमें कैसर
को कर देना उचित है, कि नहीं। २३ उस
ने उन की चतुराई को ताड़कर उन से कहा;
एक दीनार* मुझे दिखाओ। २४ इस
पर किस की मूर्ति और नाम है? उन्हों ने
कहा, कैसर का। २५ उस ने उन से कहा;
तो जो कैसर का है, वह कैसर को दो और
जो परमेश्वर का है, वह परमेश्वर को दो।
२६ वे लोगों के साम्हने उस बात को पकड़
न सके, बरन उसके उत्तर से अचम्भित
होकर चुप रह गए॥

२७ फिर सदूकी जो कहते हैं, कि मरे
हुओं का जी उठना है ही नहीं, उन में
से कितनों ने उसके पास आकर पूछा।
२८ कि हे गुरु, मूसा ने हमारे लिये यह
लिखा है, कि यदि किसी का भाई अपनी
पत्नी के रहते हुए बिना सन्तान मर जाए,
तो उसका भाई उस की पत्नी को ब्याह ले,
और अपने भाई के लिये वंश उत्पन्न करे।
२९ सो सात भाई थे, पहिला भाई ब्याह
करके बिना सन्तान मर गया। ३० फिर
दूसरे और तीसरे ने भी उस स्त्री को ब्याह
लिया। ३१ इसी रीति से सातों बिना
सन्तान मर गए। ३२ सब के पीछे वह
स्त्री भी मर गई। ३३ सो जी उठने पर
वह उन में से किस की पत्नी होगी, क्योंकि
वह सातों की पत्नी हो चुकी थी। ३४ यीशु
ने उन से कहा; कि इस युग के सन्तानों में
तो ब्याह शादी होती है। ३५ पर जो
लोग इस योग्य ठहरेंगे, कि उस युग को और
मरे हुओं में से जी उठना† प्राप्त करें, उन

* देखो मत्ती १८:२८।
† या मृतकोत्थान।



www.holybooks.com

ने मेरी गवाही दी है: तुम ने न कभी
उसका शब्द सुना, और न उसका रूप
देखा है। ३८ और उसके वचन को मन
में स्थिर नही रखते क्योंकि जिसे उस ने
भेजा उस की प्रतीति नही करते। ३९ तुम
पवित्रशास्त्र मे ढूढते हो *, क्योंकि समझते
हो कि उस मे अनन्त जीवन तुम्हे मिलता
है, और यह वही है, जो मेरी गवाही देता
है। ४० फिर भी तुम जीवन पाने के लिये
मेरे पास आना नही चाहते। ४१ मै
मनुष्यों से आदर नहीं चाहता। ४२ परन्तु
मैं तुम्हें जानता हू, कि तुम मे परमेश्वर का
प्रेम नही। ४३ मै अपने पिता के नाम से
आया हू, और तुम मुझे ग्रहण नही करते;
यदि कोई और अपने ही नाम से आए, तो
उसे ग्रहण कर लोगे। ४४ तुम जो एक
दूसरे से आदर चाहते हो और वह आदर
जो अद्वैत परमेश्वर की ओर से है, नही
चाहते, किस प्रकार विश्वास कर सकते हो?
४५ यह न समझो, कि मैं पिता के साम्हने
तुम पर दोष लगाऊंगा: तुम पर दोष
लगानेवाला तो है, अर्थात् मूसा जिस पर
तुम ने भरोसा रखा है। ४६ क्योंकि यदि
तुम मूसा की प्रतीति करते, तो मेरी भी
प्रतीति करते, इसलिये कि उस ने मेरे
विषय मे लिखा है। ४७ परन्तु यदि तुम
उस की लिखी हुई बातो की प्रतीति नही
करते, तो मेरी बातो की क्योंकर प्रतीति
करोगे॥

६ इन बातों के बाद यीशु गलील की
झील अर्थात् तिबिरियास की झील के
पास गया। २ और एक बड़ी भीड़ उसके
पीछे हो ली क्योंकि जो आश्चर्य कर्म †
वह बीमारों पर दिखाता था वे उन को
देखते थे। ३ तब यीशु पहाड़ पर चढ़कर
अपने चेलों के साथ वहां बैठा। ४ और
यहूदियो के फसह का पर्व्व निकट था।
५ तब यीशु ने अपनी आंखें उठाकर एक
बडी भीड को अपने पास आते देखा, और
फिलिप्पुस से कहा, कि हम इन के भोजन
के लिये कहा से रोटी मोल लाएं? ६ परन्तु
उस ने यह बात उसे परखने के लिये कही,
क्योंकि वह आप जानता था कि मैं क्या
करूगा। ७ फिलिप्पुस ने उस को उत्तर
दिया, कि दो सौ दीनार * की रोटी उन के
लिये पूरी भी न होंगी कि उन में से हर एक
को थोडी थोड़ी मिल जाए। ८ उसके
चेलो में से शमौन पतरस के भाई अन्द्रियास
ने उस से कहा। ९ यहां एक लडका है
जिस के पास जव की पाच रोटी और दो
मछलिया हैं परन्तु इतने लोगो के लिये वे
क्या है। १० यीशु ने कहा, कि लोगों को
बैठा दो। उस जगह बहुत घास थी: तब
वे लोग जो गिनती में लगभग पाच हजार
के थे, बैठ गए: ११ तब यीशु ने रोटियां
ली, और धन्यवाद करके बैठनेवालो को
बांट दी: और वैसे ही मछलियों में से
जितनी वे चाहते थे बाट दिया। १२ जब
वे खाकर तृप्त हो गए तो उस ने अपने चेलो
से कहा, कि बचे हुए टुकड़े बटोर लो, कि
कुछ फेंका † न जाए। १३ सो उन्हों ने
बटोरा, और जव की पांच रोटियों के टुकड़े
जो खानेवालों से बच रहे थे उन की बारह
टोकरिया भरी। १४ तब जो आश्चर्य
कर्म उस ने कर दिखाया उसे वे लोग देखकर
कहने लगे, कि वह भविष्यद्वक्ता जो जगत
में आनेवाला था निश्चय यही है।

* या ढूंढो। † यू० चिन्ह।

* देखो मत्ती १८ : २८।
† यू० खोया न जाए।



www.holybooks.com

दायक है, शरीर से कुछ लाभ नहीं : जो
बातें मैं ने तुम से कही हैं वे आत्मा हैं,
और जीवन भी है। ६४ परन्तु तुम में से
कितने ऐसे हैं जो विश्वास नहीं करते :
क्योंकि यीशु तो पहिले ही से जानता था
कि जो विश्वास नहीं करते, वे कौन है ?
और कौन मुझे पकड़वाएगा। ६५ और
उस ने कहा, इसी लिये मैं ने तुम से कहा
था कि जब तक किसी को पिता की ओर से
यह बरदान न दिया जाए तब तक वह मेरे
पास नहीं आ सकता ॥

६६ इस पर उसके चेलों में से बहुतेरे
उल्टे फिर गए और उसके बाद उसके
साथ न चले। ६७ तब यीशु ने उन बारहों
से कहा, क्या तुम भी चले जाना चाहते हो ?
६८ शमौन पतरस ने उस को उत्तर दिया,
कि हे प्रभु हम किस के पास जाएं ? अनन्त
जीवन की बातें तो तेरे ही पास हैं।
६९ और हम ने विश्वास किया, और जान
गए हैं, कि परमेश्वर का पवित्र जन तू ही
है। ७० यीशु ने उन्हे उत्तर दिया, क्या
मैं ने तुम बारहों को नहीं चुन लिया ?
तौभी तुम में से एक व्यक्ति शैतान * है।
७१ यह उस ने शमौन इस्करियोती के पुत्र
यहूदाह के विषय में कहा, क्योंकि यही जो
उन बारहों में से था, उसे पकड़वाने को
था ॥

७ इन बातों के बाद यीशु गलील में
फिरता रहा, क्योंकि यहूदी उसे मार
डालने का यत्न कर रहे थे, इसलिये वह
यहूदिया में फिरना न चाहता था। २ और
यहूदियों का मण्डपों का पर्ब्ब निकट था।
३ इसलिये उसके भाइयों ने उस से कहा,
यहां से कूच करके यहूदिया में चला जा,
कि जो काम तू करता है, उन्हें तेरे चेले भी
देखें। ४ क्योंकि ऐसा कोई न होगा जो
प्रसिद्ध होना चाहे, और छिपकर काम करे :
यदि तू यह काम करता है, तो अपने तईं
जगत पर प्रगट कर। ५ क्योंकि उसके
भाई भी उस पर विश्वास नहीं करते थे।
६ तब यीशु ने उन से कहा, मेरा समय
अभी तक नहीं आया, परन्तु तुम्हारे लिये
सब समय है। ७ जगत तुम से बैर नहीं
कर सकता, परन्तु वह मुझ से बैर करता
है, क्योंकि मैं उसके विरोध में यह गवाही
देता हूं, कि उसके काम बुरे हैं। ८ तुम
पर्ब्ब में जाओ : मैं अभी इस पर्ब्ब में नहीं
जाता; क्योंकि अभी तक मेरा समय पूरा
नहीं हुआ। ९ वह उन से ये बातें कहकर
गलील ही में रह गया ॥

१० परन्तु जब उसके भाई पर्ब्ब में
चले गए, तो वह आप ही प्रगट मे नहीं,
परन्तु मानो गुप्त होकर गया। ११ सो
यहूदी पर्ब्ब में उसे यह कहकर ढूंढ़ने लगे
कि वह कहां है ? १२ और लोगों में उसके
विषय में चुपके चुपके बहुत सी बातें हुईं :
कितने कहते थे; वह भला मनुष्य है : और
कितने कहते थे; नहीं, वह लोगों को
भरमाता है। १३ तौभी यहूदियों के भय
के मारे कोई व्यक्ति उसके विषय में खुलकर
नहीं बोलता था ॥

१४ और जब पर्ब्ब के आधे दिन बीत
गए; तो यीशु मन्दिर में जाकर उपदेश करने
लगा। १५ तब यहूदियों ने अचम्भा करके
कहा, कि इसे बिन पढ़े विद्या कैसे आ गई ?
१६ यीशु ने उन्हें उत्तर दिया, कि मेरा
उपदेश मेरा नहीं, परन्तु मेरे भेजनेवाले का
है। १७ यदि कोई उस की इच्छा पर
चलना चाहे, तो वह इस उपदेश के विषय
में जान जाएगा कि वह परमेश्वर की ओर

* यू० इब्लीस।



www.holybooks.com

ने मुझे भेजा है। ४३ यह कहकर उस ने
बड़े शब्द से पुकारा, कि हे लाजर, निकल
आ। ४४ जो मर गया था, वह कफन
से हाथ पांव बन्धे हुए निकल आया, और
उसका मुंह अंगोछे से लिपटा हुआ था.
यीशु ने उन से कहा, उसे खोलकर जाने
दो॥

४५ तब जो यहूदी मरियम के पास आए
थे, और उसका यह काम देखा था, उन में
से बहुतों ने उस पर विश्वास किया।
४६ परन्तु उन में से कितनों ने फरीसियों
के पास जाकर यीशु के कामों का समाचार
दिया॥

४७ इस पर महायाजकों और फरीसियों
ने मुख्य सभा * के लोगों को इकट्ठा करके
कहा, हम करते क्या हैं? यह मनुष्य तो
बहुत चिन्ह दिखाता है। ४८ यदि हम उसे
योंही छोड़ दें, तो सब उस पर विश्वास ले
आएंगे और रोमी आकर हमारी जगह और
जाति दोनों पर अधिकार कर लेंगे।
४९ तब उन में से काइफा नाम एक व्यक्ति
ने जो उस वर्ष का महायाजक था, उन से
कहा, तुम कुछ नहीं जानते। ५० और न
यह सोचते हो, कि तुम्हारे लिये यह भला
है, कि हमारे लोगों के लिये एक मनुष्य मरे,
और न यह, कि सारी जाति नाश हो।
५१ यह बात उस ने अपनी ओर से न कही,
परन्तु उस वर्ष का महायाजक होकर
भविष्यद्वाणी की, कि यीशु उस जाति के
लिये मरेगा। ५२ और न केवल उस
जाति के लिये, बरन इसलिये भी, कि
परमेश्वर की तित्तर-बित्तर सन्तानों को
एक कर दे। ५३ सो उसी दिन से वे उसके
मार डालने की सम्मति करने लगे॥

५४ इसलिये यीशु उस समय से यहूदियों
में प्रगट होकर न फिरा; परन्तु वहां से
जंगल के निकट के देश में इफ्राईम नाम,
एक नगर को चला गया, और अपने चेलों
के साथ वहीं रहने लगा। ५५ और यहू-
दियों का फसह निकट था, और बहुतेरे लोग
फसह से पहिले दिहात से यरूशलेम को गए,
कि अपने आप को शुद्ध करें। ५६ सो वे
यीशु को ढूंढ़ने और मन्दिर में खड़े होकर
आपस में कहने लगे, तुम क्या समझते हो?
५७ क्या वह पर्ब्ब में नहीं आएगा?
और महायाजकों और फरीसियों ने
भी आज्ञा दे रखी थी, कि यदि कोई यह
जाने कि यीशु कहां है तो बताए, कि उसे
पकड़ लें॥

१२ फिर यीशु फसह से छः दिन
पहिले बैतनिय्याह में आया, जहां
लाजर था. जिसे यीशु ने मरे हुओं में से
जिलाया था। २ वहां उन्हों ने उसके लिये
भोजन तैय्यार किया, और मरथा सेवा कर
रही थी, और लाजर उन में से एक था,
जो उसके साथ भोजन करने के लिये बैठे
थे। ३ तब मरियम ने जटामांसी का आध
सेर बहुमोल इत्र लेकर यीशु के पांवों पर
डाला, और अपने बालों से उसके पांव पोंछे,
और इत्र की सुगंध से घर सुगन्धित हो गया।
४ परन्तु उसके चेलों में से यहूदा इस्क-
रियोती नाम एक चेला जो उसे पकड़वाने
पर था, कहने लगा। ५ यह इत्र तीन सौ
दीनार * में बेचकर कंगालों को क्यों न दिया
गया? ६ उस ने यह बात इसलिये न कही,
कि उसे कंगालों की चिन्ता थी, परन्तु इस-
लिये कि वह चोर था और उसके पास उन
की थैली रहती थी, और उस में जो कुछ

* अर्थात् । सदर अदालत वा बड़ी कचहरी।.

* देखो मत्ती १८:२८।



www.holybooks.com

ग्रौर पौलुस को भी पहचानती हूं; परन्तु
तुम कौन हो? १६ ग्रौर उस मनुष्य ने
जिस में दुष्ट ग्रात्मा थी; उन पर लपक-
कर, ग्रौर उन्हें वश में लाकर, उन पर ऐसा
उपद्रव किया, कि वे नंगे ग्रौर घायल होकर
उस घर से निकल भागे। १७ ग्रौर यह
बात इफिसुस के रहनेवाले यहूदी ग्रौर
यूनानी भी सब जान गए, ग्रौर उन सब पर
भय छा गया; ग्रौर प्रभु यीशु के नाम की
बड़ाई हुई। १८ ग्रौर जिन्हों ने विश्वास
किया था, उन मे से बहुतेरो ने ग्राकर ग्रपने
ग्रपने कामों को मान लिया ग्रौर प्रगट
किया। १९ ग्रौर जादू करनेवालो मे से
बहुतों ने ग्रपनी ग्रपनी पोथिया इकट्ठी करके
सब के साम्हने जला दी, ग्रौर जब उन का
दाम जोडा गया, तो पचास हज़ार रुपये की
निकली। २० यो प्रभु का वचन बल पूर्वक
फैलता गया ग्रौर प्रबल होता गया॥

२१ जब ये बाते हो चुकी, तो पौलुस ने
ग्रात्मा में ठाना कि मकिदुनिया ग्रौर ग्रखाया
से होकर यरूशलेम को जाऊं, ग्रौर कहा,
कि वहा जाने के बाद मुझे रोमा को भी
देखना ग्रवश्य है। २२ सो ग्रपनी सेवा
करनेवालो मे से तीमुथियुस ग्रौर इरास्तुस
को मकिदुनिया में भेजकर ग्राप कुछ दिन
ग्रासिया मे रह गया॥

२३ उस समय उस पन्थ के विषय में
बड़ा हुल्लड़ हुग्रा। २४ क्योंकि देमेत्रियुस
नाम का एक सुनार ग्ररतिमिस के चान्दी के
मन्दिर बनवाकर कारीगरों को बहुत काम
दिलाया करता था। २५ उस ने उन को,
ग्रौर. ग्रौर ऐसी वस्तुग्रो के कारीगरो को
इकट्ठे करके कहा, हे मनुष्यो, तुम जानते
हो, कि इस काम से हमें कितना धन मिलता
है। २६ ग्रौर तुम देखते ग्रौर सुनते हो,
कि केवल इफिसुस ही मे नहीं, बरन प्रायः
सारे ग्रासिया में यह कह कहकर इस पौलुस
ने बहुत लोगों को समझाया ग्रौर भरमाया
भी है, कि जो हाथ की कारीगरी हैं, वे ईश्वर
नही। २७ ग्रौर ग्रब केवल इसी एक बात
का ही डर नही, कि हमारे इस धन्धे की
प्रतिष्ठा जाती रहेगी; बरन यह कि महान
देवी ग्ररतिमिस का मन्दिर तुच्छ समझा
जाएगा ग्रौर जिसे सारा ग्रासिया ग्रौर जगत
पूजता है उसका महत्व भी जाता रहेगा।
२८ वे यह सुनकर क्रोध से भर गए, ग्रौर
चिल्ला चिल्लाकर कहने लगे, "इफिसियों
की ग्ररतिमिस महान है!" २९ ग्रौर
सारे नगर में बडा कोलाहल मच गया ग्रौर
लोगो ने गयुस ग्रौर ग्ररिस्तरखुस मकि-
दुनियो को जो पौलुस के सगी यात्री थे,
पकड लिया, ग्रौर एकचित्त होकर रगशाला
मे दौड गए। ३० जब पौलुस ने लोगो के
पास भीतर जाना चाहा तो चेलो ने उसे
जाने न दिया। ३१ ग्रासिया के हाकिमों
मे से भी उसके कई मित्रो ने उसके पास
कहला भेजा, ग्रौर बिनती की, कि रगशाला
मे जाकर जोखिम न उठाना। ३२ सो
कोई कुछ चिल्लाया, ग्रौर कोई कुछ;
क्योंकि सभा मे बडी गडबडी हो रही थी,
ग्रौर बहुत से लोग तो यह जानते भी नही
थे कि हम किस लिय इकट्ठे हुए हैं। ३३ तब
उन्हो ने सिकन्दर को, जिसे यहूदियों ने खड़ा
किया था, भीड में से ग्रागे बढ़ाया, ग्रौर
सिकन्दर हाथ से सैन करके लोगों के साम्हने
उत्तर दिया चाहता था। ३४ परन्तु जब
उन्हो ने जान लिया कि वह यहूदी है, तो
सब के सब एक शब्द से कोई दो घंटे तक
चिल्लाते रहे, कि इफिसियों की ग्ररतिमिस
महान है। ३५ तब नगर के मन्त्री ने
लोगों को शान्त करके कहा; हे इफिसियो,
कौन नही जानता, कि इफिसियों का नगर



www.holybooks.com

करें, जो न देख, न सुन, न चल सकती
हैं। २१ और जो खून, और टोना,
और व्यभिचार, और चोरियां, उन्हों ने
की थीं, उन से मन न फिराया॥

१० फिर मैं ने एक और बली
स्वर्गदूत को बादल ओढ़े हुए
स्वर्ग से उतरते देखा, उसके सिर पर
मेघधनुष था: और उसका मुंह सूर्य का
सा और उसके पांव आग के खंभे के से
थे। २ और उसके हाथ में एक छोटी
सी खुली हुई पुस्तक थी; उस ने अपना
दहिना पांव समुद्र पर, और बायां पृथ्वी
पर रखा। ३ और ऐसे बड़े शब्द से
चिल्लाया, जैसा सिंह गरजता है; और
जब वह चिल्लाया तो गर्जन के सात
शब्द सुनाई दिए। ४ और जब सातों
गर्जन के शब्द सुनाई दे चुके, तो मैं
लिखने पर था, और मैं ने स्वर्ग से यह
शब्द सुना, कि जो बातें गर्जन के उन
सात शब्दों से सुनी है, उन्हें गुप्त रख *,
और मत लिख। ५ और जिस स्वर्गदूत
को मैं ने समुद्र और पृथ्वी पर खड़े देखा
था; उस ने अपना दहिना हाथ स्वर्ग
की ओर उठाया। ६ और जो युगानुयुग
जीवता रहेगा, और जिस ने स्वर्ग को
और जो कुछ उस में है, और पृथ्वी को
और जो कुछ उस पर है, और समुद्र को
और जो कुछ उस में है सृजा उसी की
शपथ खाकर कहा, अब तो और देर
न होगी †। ७ बरन सातवें स्वर्गदूत
के शब्द देने के दिनों में जब वह तुरही
फूंकने पर होगा, तो परमेश्वर का गुप्त
मनोरथ ‡ उस सुसमाचार के अनुसार
जो उस ने अपने दास भविष्यद्वक्ताओं
को दिया पूरा होगा। ८ और जिस
शब्द करनेवाले को मैं ने स्वर्ग से बोलते
सुना था, वह फिर मेरे साथ बातें करने
लगा; कि जा, जो स्वर्गदूत समुद्र और
पृथ्वी पर खड़ा है, उसके हाथ में की
खुली हुई पुस्तक ले ले। ९ और मैं ने
स्वर्गदूत के पास जाकर कहा, यह छोटी
पुस्तक मुझे दे; और उस ने मुझ से
कहा ले इसे खा जा, और यह तेरा पेट
कड़वा तो करेगी, पर तेरे मुंह में मधु सी
मीठी लगेगी। १० सो मैं वह छोटी
पुस्तक उस स्वर्गदूत के हाथ से लेकर
खा गया, वह मेरे मुंह में मधु सी मीठी
तो लगी, पर जब मैं उसे खा गया, तो
मेरा पेट कड़वा हो गया। ११ तब मुझ से
यह कहा गया, कि तुझे बहुत से लोगों,
और जातियों, और भाषाओं, और राजाओं
पर, फिर भविष्यद्वाणी करनी होगी॥

११ और मुझे लग्गी के समान
एक सरकंडा दिया गया, और
किसी ने कहा, उठ, परमेश्वर के मन्दिर
और वेदी, और उस में भजन करने-
वालों को नाप ले। २ और मन्दिर के
बाहर का आंगन छोड़ दे; उसे मत
नाप, क्योंकि वह अन्यजातियों को दिया
गया है, और वे पवित्र नगर को बयालीस
महीने तक रौंदेंगी। ३ और मैं अपने
दो गवाहों को यह अधिकार दूंगा, कि
टाट ओढ़े हुए एक हजार दो सौ साठ
दिन तक भविष्यद्वाणी करें। ४ ये वे
ही जैतून के दो पेड़ और दो दीवट हैं,
जो पृथ्वी के प्रभु के साम्हने खड़े रहते
हैं। ५ और यदि कोई उन को हानि
पहुंचाना चाहता है, तो उन के मुंह से

* यू० उन पर छाप दे।
† या समय न होगा। ‡ यू० भेद।



www.holybooks.com

